पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका   विषय :– हिंदी   कक्षा :- चौथी   शिक्षिका :- श्रीमती इंदरजीत कौर / श्रीमती जितेंद्र कौर

नाम :- _______________ सेक्शन :- ________ रोल नंबर :- _______दिनांक :- /3/2022

पाठ – 13 तथा 15

प्रश्न 1 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए |

1) संरक्षण   2) दुर्लभ   3) पर्यटन   4) सुझाव   5) निर्णय

प्रश्न 2 नीचे दिए प्रश्नों **के उत्तर दीजिए |**

1) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में कौन-कौन सी नदियाँ बहती है ?
2) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान किस लिए जाना जाता है ?
3) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान का यह नाम क्यों पड़ा ?
4) कान्हा शब्द किससे बना है और इसका क्या अर्थ है ?
5) जानवरों ने टिंकू बंदर को डाकिया क्यों बनाया?
6) टेलीफ़ोन का आविष्कार किसने तथा कब किया?
7) चिट्ठियाँ पहुँचाने का काम किसे सौंपा गया था?

प्रश्न 3 विलोम शब्द लिखिए ।

1) प्राकृतिक -
2) दुर्लभ -
3) विशेष -
4) बंजर -

प्रश्न 4 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए ।

1) कठिनाई से मिलाने वाला
2) प्रकृति से संबंधित
3) देश विदेश में घूमने वाला

प्रश्न 5 नीचे दिए वाक्यों को पहचान कर काल का नाम लिखिए ।

1) चिड़ियाघर घूमने गए थे।

2) हम कल मुंबई घूमने जाएँगे।

प्रश्न 6 निम्नालिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।

1) चिट्ठी 2) सभा 3) पैसे 4) छुट्टी 5) मुझे

प्रश्न 7 वर्ण-विच्छेद कीजिए।

1) सुझाव 2) जंगल 3)खरगोश

उत्तर

प्रश्न 1 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए।

1) देखभाल 2) जो कठिनाई से मिले 3) देश विदेश में घूमना

4) राय 5) फ़ैसला

प्रश्न 2 नीचे दिए प्रश्नों **के उत्तर दीजिए।**

1) बंजर और हेलॉन।

2) कान्हा राष्ट्रीय उद्यान जीव - जंतुओं के संरक्षण के लिए जाना जाता है ।

3) यहाँ पाई जाने वाली मिट्टी के नाम से ही इस स्थान का नाम 'कान्हा राष्ट्रीय उद्यान ' पड़ा।

4) कान्हा शब्द 'कनहार' से बना है जिसका स्थानीय भाषा में अर्थ चिकनी मिट्टी है ।

5) टिंकू बंदर बहुत चुस्त और चतुर था इसलिए जानवरों ने टिंकू बंदर को डाकिया बनाया।

6) टेलीफोन का आविष्कार सन् 1876 में एलैक्ज़ाडर ग्राहम बेल ने किया था।

7) चिट्ठियाँ पहुँचाने का काम जिराफ़ को सौंपा गया ।

प्रश्न 3 विलोम शब्द लिखिए ।

1) प्राकृतिक - कृत्रिम

2) दुर्लभ - सुलभ

3) विशेष - साधारण

4) बंजर - उपजाऊ

प्रश्न 4 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए ।

1) दुर्लभ

2) प्राकृतिक

3) पर्यटक

प्रश्न 5 नीचे दिए वाक्यों को पहचान कर काल का नाम लिखिए ।

1) भूतकाल

2) भविष्य काल

प्रश्न 6 निम्नालिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।

1) चिट्ठियाँ   2) सभाएँ   3) पैसा   4)_छुट्टियाँ   5) हमें

प्रश्न 7 वर्ण-विच्छेद कीजिए।

1) स्+उ+झ्+आ+ व्+अ

2) ज्+अं+ग्+अ+ल्+अ

3) ख्+अ+र् +अ+ ग्+ओ+श्+अ